अनुक्रमांक ..............................

नाम ..............................

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 12

928

# 822 (HV)

## 2024

# गणित

*समय : तीन घण्टे 15 मिनट]* *[पूर्णांक : 70*

***निर्देश :***

*(i)* *प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।*

*(ii)* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(iii)* *इस प्रश्न-पत्र के* ***अ*** *और* ***ब*** *दो खण्ड हैं ।*

*(iv)* ***खण्ड – अ*** *में 1 अंक के 20 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, जिनके उत्तर केवल ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर ही देने हैं ।*

*(v)* *ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर उत्तर अंकित किए जाने के पश्चात् उसे काटें नहीं तथा इरेज़र (Eraser), व्हाइटनर आदि का प्रयोग न करें ।*

*(vi)* ***खण्ड – ब*** *में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं ।*

*(vii)* ***खण्ड – ब*** *में कुल 5 प्रश्न हैं ।*

*(viii)* *प्रत्येक प्रश्न के प्रारम्भ में स्पष्टतः लिख दिया गया है कि उसके कितने खण्ड करने हैं ।*

*(ix)* *प्रत्येक प्रश्न के अंक उनके सम्मुख अंकित हैं ।*

*(x)* *प्रथम प्रश्न से आरम्भ कीजिए और अन्त तक करते जाइए । उस प्रश्न पर समय नष्ट मत कीजिए जो आप हल नहीं कर सकते हैं ।*

*(xi)* *यदि रफ़ कार्य के लिए स्थान अपेक्षित है, तो उत्तर-पुस्तिका के बाएँ पृष्ठ पर अंकित कीजिए और पृष्ठ को काट दीजिए । उस पृष्ठ पर कोई भी हल नहीं लिखिए ।*

*(xii)* *जिन प्रश्नों के हल में चित्र खींचना आवश्यक है, उनमें स्वच्छ एवं शुद्ध चित्र अवश्य बनाइए । बिना चित्र के ऐसे हल अपूर्ण एवं अशुद्ध माने जाएँगे ।*

### खण्ड – अ

**बहुविकल्पीय प्रश्न :**

1. एक त्रिघात बहुपद के अधिक-से-अधिक शून्यकों की संख्या होगी : *1*

(A) 4 (B) 3 (C) 2 (D) 1

2. संख्या 140 का अभाज्य गुणनखण्ड होगा : *1*

(A) $2 \times 5^2 \times 7$

(B) $2 \times 7 \times 5$

(C) $2^2 \times 5 \times 7$

(D) $2^2 \times 5 \times 7^2$

3. भाज्य, भाजक, भागफल एवं शेषफल में सम्बन्ध होगा : *1*

(A) भाज्य = शेषफल × भागफल + भाजक

(B) भाजक = भाज्य × भागफल + शेषफल

(C) भाज्य = भाजक × भागफल + शेषफल

(D) भाजक = भाज्य + भागफल × शेषफल

4. रैखिक समीकरण $x + 2y + 5 = 0$ तथा $-3x - 6y + 1 = 0$ के युग्म का हल होगा : *1*

(A) अद्वितीय (B) दो

(C) अपरिमित रूप से अनेक (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

5. समान्तर श्रेणी $-5, -1, 3, 7, \ldots$ का सार्व अन्तर होगा : *1*

(A) 1 (B) 2 (C) 3 (D) 4

6. द्विघात समीकरण $ax^2 + bx + c = 0$ का विविक्तकर होगा : *1*

(A) $b^2 - 2ac$ (B) $b^2 + 4ac$

(C) $b^2 - 4ac$ (D) $b^2 + 2ac$

7. दो बिन्दुओं (2, 3) और (4, 1) के बीच की दूरी होगी : *1*

(A) 2 (B) $2\sqrt{2}$ (C) $2\sqrt{3}$ (D) 3

8. यदि द्विघात समीकरण $3x^2 - 12x + m = 0$ के मूल बराबर हैं, तो m का मान होगा : *1*

(A) 4 (B) 7 (C) 9 (D) 12

9. एक समबाहु त्रिभुज $ABC$ की भुजाएँ $2a$ हैं । उसके प्रत्येक शीर्षलम्ब की लम्बाई होगी : *1*

(A) $a\sqrt{2}$ (B) $2a\sqrt{3}$

(C) $a\sqrt{3}$ (D) $3a$

10. निम्नलिखित सारणी का माध्य होगा : *1*

| वर्ग अन्तराल | 1 – 3 | 3 – 5 | 5 – 7 | 7 – 9 | 9 – 11 |
|---|---|---|---|---|---|
| बारम्बारता | 3 | 2 | 4 | 2 | 3 |

(A) 2 (B) 4 (C) 5 (D) 6

11. $\dfrac{\sin 27^\circ}{\cos 63^\circ}$ का मान होगा : *1*

(A) 1 (B) $-1$ (C) 0 (D) $\dfrac{1}{2}$

12. यदि $\cos A = \frac{\sqrt{3}}{2}$ हो, तो $\sin 2A$ का मान होगा : *1*

(A) 1 (B) 0

(C) $\frac{1}{2}$ (D) $\frac{\sqrt{3}}{2}$

13. $\frac{1+\tan^2 A}{1+\cot^2 A}$ का मान होगा : *1*

(A) $\sec^2 A$ (B) $-1$ (C) $\cot^2 A$ (D) $\tan^2 A$

14. $\sin 2A = 2 \sin A$ सत्य होगा जब $A$ बराबर है : *1*

(A) 0° (B) 30° (C) 45° (D) 60°

15. 22 सेमी परिधि वाले एक वृत्त के चतुर्थांश का क्षेत्रफल होगा : *1*

(A) $\frac{44}{7}$ सेमी$^2$ (B) $\frac{22}{8}$ सेमी$^2$

(C) $\frac{77}{8}$ सेमी$^2$ (D) $\frac{8}{77}$ सेमी$^2$

16. कैप्सूल संयोजन है : *1*

(A) दो शंकुओं का

(B) एक बेलन एवं दो अर्धगोलों का

(C) एक बेलन एवं एक अर्धगोले का

(D) एक बेलन एवं दो गोलों का

17. यदि कुछ आँकड़ों का माध्य तथा बहुलक क्रमश: 32 तथा 35 है, तो उनका माध्यक होगा : *1*

(A) 30 (B) 31 (C) 32 (D) 33

18. निम्नलिखित बारम्बारता सारणी का बहुलक वर्ग होगा : *1*

| *वर्ग अन्तराल* | 0 – 5 | 5 – 10 | 10 – 15 | 15 – 20 | 20 – 25 |
|---|---|---|---|---|---|
| *बारम्बारता* | 8 | 7 | 18 | 19 | 6 |

(A) 20 – 25 (B) 15 – 20 (C) 10 – 15 (D) 5 – 10

19. दो पासों को एक साथ उछालने पर दोनों पासों पर प्राप्त संख्याओं का योगफल 10 होने की प्रायिकता होगी : *1*

(A) $\frac{1}{12}$ (B) $\frac{1}{6}$ (C) $\frac{1}{4}$ (D) $\frac{1}{8}$

20. एक पासे को एक बार फेंकने पर सम संख्या प्राप्त होने की प्रायिकता होगी : *1*

(A) $\frac{1}{4}$ (B) $\frac{1}{3}$ (C) $\frac{1}{2}$ (D) $\frac{1}{6}$

## खण्ड - ब

**वर्णनात्मक प्रश्न :**

21. ***सभी*** भाग हल कीजिए :

(क) एक घन का आयतन 1331 सेमी$^3$ है । इसकी प्रत्येक भुजा ज्ञात कीजिए । 2

(ख) यदि द्विघात समीकरण $x^2 + 3x - p = 0$ का एक मूल 2 हो, तो $p$ का मान ज्ञात कीजिए । 2

(ग) यदि $\cos \theta = \frac{15}{17}$ हो, तो $\sin \theta$ का मान ज्ञात कीजिए । 2

(घ) निम्नलिखित बारम्बारता सारणी का माध्य ज्ञात कीजिए : 2

| *वर्ग अन्तराल* | 0 – 2 | 2 – 4 | 4 – 6 | 6 – 8 | 8 – 10 |
|---|---|---|---|---|---|
| *बारम्बारता* | 1 | 2 | 6 | 8 | 3 |

(ङ) बिन्दुओं (– 3, 10) और (5, 4) को मिलाने वाले रेखाखण्ड के मध्य-बिन्दु के निर्देशांक ज्ञात कीजिए । 2


(च) यदि बिन्दुओं (– 1, – 3) तथा ($x$, 9) के बीच की दूरी 13 मात्रक है, तो $x$ के मान ज्ञात कीजिए । 2

22. किन्हीं ***पाँच*** भागों को हल कीजिए :

(क) दो ऐसे क्रमागत विषम धनात्मक पूर्णांक ज्ञात कीजिए, जिनके वर्गों का योगफल 290 हो । *4*

(ख) सिद्ध कीजिए कि दो संकेन्द्रीय वृत्तों में बड़े वृत्त की जीवा जो छोटे वृत्त को स्पर्श करती है, स्पर्श-बिन्दु पर समद्विभाजित होती है । 4

(ग) चित्र में, यदि $LM \parallel CB$ और $LN \parallel CD$ हो, तो सिद्ध कीजिए कि $\frac{AM}{BM} = \frac{AN}{DN}$ है । 4




(घ) द्विघात बहुपद $x^2 + 7x + 10$ के शून्यक ज्ञात कीजिए और शून्यकों तथा गुणांकों के बीच के सम्बन्ध की सत्यता की जाँच कीजिए । 4

(ङ) निम्नलिखित बारम्बारता सारणी से माध्यक ज्ञात कीजिए : 4

| *वर्ग अन्तराल* | 0 – 10 | 10 – 20 | 20 – 30 | 30 – 40 | 40 – 50 |
|---|---|---|---|---|---|
| *बारम्बारता* | 2 | 4 | 7 | 3 | 2 |

(च) एक थैले में 5 लाल गेंदें और कुछ नीली गेंदें हैं । यदि इस थैले में से नीली गेंद निकालने की प्रायिकता, लाल गेंद निकालने की प्रायिकता की दुगुनी है, तो थैले में नीली गेंदों की संख्या ज्ञात कीजिए । 4

**23.** दो वर्गों के क्षेत्रफलों का योगफल 157 मी.$^2$ है । यदि इनके परिमापों का योगफल 68 मी. हो, तो दोनों वर्गों की भुजाएँ ज्ञात कीजिए । 6

**अथवा**

एक नाव की गति शांत जल में 18 किमी/घंटा है । वह 24 किमी धारा के विरुद्ध जाने में और 24 किमी धारा की दिशा में आने पर 1 घंटा अधिक समय लेती है । धारा की चाल ज्ञात कीजिए । 6


24. एक पेडस्टल के शिखर पर 1·6 मी. ऊँची मूर्ति लगी है । भूमि के एक बिन्दु से मूर्ति के शिखर का उन्नयन कोण 60° है और उसी बिन्दु से पेडस्टल के शिखर का उन्नयन कोण 45° है । पेडस्टल की ऊँचाई ज्ञात कीजिए । 6

**अथवा**

एक 80 मी. चौड़ी सड़क के दोनों ओर आमने-सामने समान ऊँचाई वाले दो खम्भे लगे हुए हैं । इन दोनों खम्भों के बीच सड़क के एक बिन्दु से खम्भों के शिखर के उन्नयन कोण क्रमशः 60° और 30° हैं । खम्भों की ऊँचाई और खम्भों से बिन्दु की दूरी ज्ञात कीजिए । 6

25. एक जूस बेचने वाला अपने ग्राहकों को दी गई आकृति में दर्शाए गए गिलासों से जूस देता था । बेलनाकार गिलास का आन्तरिक व्यास 5 सेमी था, परन्तु गिलास के निचले आधार (तली) में एक उभरा हुआ अर्धगोला था जिससे गिलासों की धारिता कम हो जाती थी ।


यदि गिलास की ऊँचाई 10 सेमी थी, तो गिलास की आभासी धारिता एवं वास्तविक धारिता ज्ञात कीजिए । ($\pi = 3{\cdot}14$ लीजिए) 6




**अथवा**

रशीद को अपने जन्मदिन के उपहार के रूप में एक लट्टू मिला जिस पर रंग नहीं किया गया था । वह इस पर अपने मोमिया रंगों से रंग करना चाहता है । यह लट्टू एक शंकु के आकार का है, जिसके ऊपर एक अर्धगोला अध्यारोपित है । लट्टू की पूरी ऊँचाई 5 सेमी है और इसका व्यास 3·5 सेमी है जैसा कि चित्र में दिखाया गया है ।

रशीद द्वारा रंग किया जाने वाला क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए । ($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए) 6



## (English Version)

***Instructions :***

(i) *First 15 minutes are allotted for examinees to read this question paper.*

(ii) ***All** questions are **compulsory**.*

(iii) *This question paper has **two** Parts **A** and **B**.*

(iv) ***Part – A** contains 20 multiple choice type questions of 1 mark each that have to be answered on the OMR Answer Sheet only.*

(v) *After giving answer on the OMR Answer Sheet do not cut it and do not use eraser, whitener, etc.*

(vi) ***Part – B** contains descriptive type questions of 50 marks.*

(vii) *There are 5 questions in **Part – B**.*

(viii) *In the beginning of each question, it has been clearly mentioned that how many parts of it are to be attempted.*

(ix) *Marks allotted to each question are mentioned against it.*

(x) *Start from the first question and go up to the last question. Do not waste your time on the question you cannot solve.*

(xi) *If you need place for rough work, do it on the left page of your answer book and cross (×) the page. Do not write the solution on that page.*

(xii) *Draw neat and correct figure in solution of a question wherever it is necessary, otherwise in its absense the solution will be treated as incomplete and wrong.*

### Part – A

**Multiple Choice Questions :**

**1.** Maximum number of zeroes of a cubic polynomial will be : *1*

(A) 4 (B) 3 (C) 2 (D) 1

**2.** Prime factors of number 140 will be : *1*

(A) $2 \times 5^2 \times 7$ (B) $2 \times 7 \times 5$

(C) $2^2 \times 5 \times 7$ (D) $2^2 \times 5 \times 7^2$

3. The relation between dividend, divisor, quotient and remainder will be : *1*

(A) dividend = remainder × quotient + divisor

(B) divisor = dividend × quotient + remainder

(C) dividend = divisor × quotient + remainder

(D) divisor = dividend + quotient × remainder

4. The solution of a pair of linear equations $x + 2y + 5 = 0$ and $-3x - 6y + 1 = 0$ will be : *1*

(A) Unique (B) Two

(C) Infinitely many (D) None of the above

5. Common difference for the Arithmetic Progression (AP) – 5, – 1, 3, 7, ... will be : *1*

(A) 1 (B) 2 (C) 3 (D) 4

6. The discriminant of the quadratic equation $ax^2 + bx + c = 0$ will be : *1*

(A) $b^2 - 2ac$ (B) $b^2 + 4ac$

(C) $b^2 - 4ac$ (D) $b^2 + 2ac$

7. Distance between two points (2, 3) and (4, 1) will be : *1*

(A) 2 (B) $2\sqrt{2}$ (C) $2\sqrt{3}$ (D) 3

8. If the roots of the quadratic equation $3x^2 - 12x + m = 0$ are equal, then the value of m will be : *1*

(A) 4 (B) 7 (C) 9 (D) 12

9. $\Delta ABC$ is an equilateral triangle of side $2a$. The length of each of its altitudes will be : *1*

(A) $a\sqrt{2}$ (B) $2a\sqrt{3}$

(C) $a\sqrt{3}$ (D) $3a$

10. Mean of the following table will be : *1*

| *Class interval* | 1 – 3 | 3 – 5 | 5 – 7 | 7 – 9 | 9 – 11 |
|---|---|---|---|---|---|
| *Frequency* | 3 | 2 | 4 | 2 | 3 |

(A) 2 (B) 4 (C) 5 (D) 6

11. The value of $\frac{\sin 27^\circ}{\cos 63^\circ}$ will be : *1*

(A) 1 (B) $-1$ (C) 0 (D) $\frac{1}{2}$

12. If $\cos A = \frac{\sqrt{3}}{2}$, then the value of $\sin 2A$ will be : *1*

(A) 1

(B) 0

(C) $\frac{1}{2}$

(D) $\frac{\sqrt{3}}{2}$

13. The value of $\frac{1 + \tan^2 A}{1 + \cot^2 A}$ will be : *1*

(A) $\sec^2 A$ (B) $-1$ (C) $\cot^2 A$ (D) $\tan^2 A$

14. $\sin 2A = 2 \sin A$ is true when $A$ is equal to : *1*

(A) $0^\circ$ (B) $30^\circ$ (C) $45^\circ$ (D) $60^\circ$

15. The area of a quadrant of a circle whose circumference is 22 cm will be : *1*

(A) $\frac{44}{7}$ cm$^2$

(B) $\frac{22}{8}$ cm$^2$

(C) $\frac{77}{8}$ cm$^2$

(D) $\frac{8}{77}$ cm$^2$

16. Capsule is a combination of : *1*

(A) Two cones

(B) One cylinder and two hemispheres

(C) One cylinder and one hemisphere

(D) One cylinder and two circles

17. If the mean and mode of some data are 32 and 35 respectively, then its median will be : *1*

(A) 30 (B) 31 (C) 32 (D) 33

18. The modal class of the following frequency table will be : 1

| *Class interval* | 0 – 5 | 5 – 10 | 10 – 15 | 15 – 20 | 20 – 25 |
|---|---|---|---|---|---|
| *Frequency* | 8 | 7 | 18 | 19 | 6 |

(A) 20 – 25 (B) 15 – 20 (C) 10 – 15 (D) 5 – 10

19. If two dice are tossed together, then the probability of getting the sum of numbers on both the dice as 10 is : 1

(A) $\frac{1}{12}$ (B) $\frac{1}{6}$ (C) $\frac{1}{4}$ (D) $\frac{1}{8}$

20. When a die is thrown once, the probability of getting an even number will be : 1

(A) $\frac{1}{4}$ (B) $\frac{1}{3}$ (C) $\frac{1}{2}$ (D) $\frac{1}{6}$

## Part - B

**Descriptive Questions :**

21. Do ***all*** the parts :

(a) The volume of a cube is 1331 $cm^3$. Find its each side. 2

(b) If one root of the quadratic equation $x^2 + 3x - p = 0$ is 2, then find the value of $p$. 2

https://www.upboardonline.com

(c) If $\cos\theta = \frac{15}{17}$, then find the value of $\sin\theta$. 2

(d) Find the mean of the following frequency table : 2

| *Class interval* | 0 – 2 | 2 – 4 | 4 – 6 | 6 – 8 | 8 – 10 |
|---|---|---|---|---|---|
| *Frequency* | 1 | 2 | 6 | 8 | 3 |

(e) Find the coordinates of the mid-point of the line segment joining the points (– 3, 10) and (5, 4). 2


(f) If the distance between the points (–1, – 3) and ($x$, 9) is 13 units, then find the values of $x$. 2

22. Do any ***five*** parts :

(a) Find two consecutive odd positive integers, sum of whose squares is 290. 4

(b) Prove that in two concentric circles, the chord of the larger circle, which touches the smaller circle is bisected at the point of contact. 4

(c) In the figure, if $LM \parallel CB$ and $LN \parallel CD$, then prove that $\frac{AM}{BM} = \frac{AN}{DN}$. 4




(d) Find the zeroes of the quadratic polynomial $x^2 + 7x + 10$ and verify the relationship between the zeroes and the coefficients. 4

(e) Find the median of the following distribution table : 4

| *Class interval* | 0 – 10 | 10 – 20 | 20 – 30 | 30 – 40 | 40 – 50 |
|---|---|---|---|---|---|
| *Frequency* | 2 | 4 | 7 | 3 | 2 |

(f) A bag contains 5 red balls and some blue balls. If the probability of drawing a blue ball is double that of a red ball, then determine the number of blue balls in the bag. 4

3. Sum of the areas of two squares is 157 $m^2$. If the sum of their perimeters is 68 meters, then find the sides of both squares. 6

**OR**

The velocity of a boat is 18 km/h in still water. It takes one hour more to travel 24 km in downstream and 24 km in upstream. Find the speed of the current. 6


24. A statue 1·6 m tall, stands on top of a pedestal. From a point on the ground, the angle of elevation of the top of the statue is 60° and from the same point, the angle of elevation of the top of the pedestal is 45°. Find the length of the pedestal. 6

**OR**

Two poles of equal heights are standing opposite to each other on either side of the road, which is 80 m wide. From a point between them on the road, the angles of elevation of the top of the poles are 60° and 30° respectively. Find the height of the poles and the distance of the point from the pole. 6

25. A juice seller was serving his customers using glasses as shown in the given figure. The inner diameter of the cylindrical glass was 5 cm, but the bottom of the glass had a hemispherical raised portion which reduced the capacity of the glass.

If the height of the glass was 10 cm, then find the apparent capacity of the glass and its actual capacity. (Take $\pi = 3{\cdot}14$) 6




**OR**

Rasheed got a spinning top (Lattu) as his birthday present, which surprisingly had no colour on it. He wanted to colour it with his crayons. The top is shaped like a cone surmounted by a hemisphere. The entire top is 5 cm in height and the diameter of the top is 3·5 cm as shown in the figure.

Find the area Rasheed has to colour. (Take $\pi = \frac{22}{7}$) 6

